बाल भारती पब्लिक स्कूल ,पीतमपुरा

कक्षा चौथी अधिन्यास पत्र

विषय : समदर्शी उपविषय : प्रश्न/उत्तर

(14.12.2020 – 18.12.2020)

शिक्षण अधिगम

- प्रत्येक विद्यार्थी पठित पाठ के आधार पर कम से कम ३-४ प्रश्नों के उतर स्वयं लिख सकेगा |
- शुद्ध वाक्य संरचना कर सकेगा |
- तार्किक विश्लेषण कौशल का विकास कर सकेगा |
- चित्र वर्णन के द्वारा दूसरों के प्रति समभाव की भावना को समझ सकेगा |
- पर्यायवाची के ज्ञान से अपने शब्द- भंडार में वृद्धि कर सकेगा |

प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प पर सही का निशान (✓)लगाएँ:-

।) सतीश :

क) वंशी को चिढ़ाता था

ख) वंशी की सहायता करता था |

ग)उसके कार्य में रूकावट डालता था |

ii) सतीश की आँख पर ________ से चोट लगी |

क) बल्ले से

ख) पत्थर से

ग)गेंद से

प्रश्न २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

क) वंशी में क्या कमी थी ? अपनी इस कमी पर वंशी को कोई दुःख क्यों न था ?

____

____

____

____

ख)सतीश में क्या ऐब था ? उसने वंशी को क्या नाम दिया ?

____

____

____

____

ग) सतीश ने अपनी आँख से पट्टी क्यों उतारी ? उसकी इस गलती का क्या परिणाम हुआ ?

____

____

____

____

घ) सतीश वंशी को समदर्शी कह कर चिढ़ाता था --- क्या ऐसा करना सही था ? कारण दीजिए |

____

____

____

____

जीवन -कौशल गतिविधि

दूसरों की मदद करने से न घबराएँ

मदद का हाथ आगे बढ़ा, उनके चेहरे पर मुस्कान लाएँ

नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखें तथा उन पर चार से पाँच वाक्यों में अपने विचार लिखें :-

चित्र -१

चित्र -२

पर्यायवाची

"किसी शब्द के समान अर्थ बताएँ
पर्यायवाची यह कहलाएँ "

BBDSP

- जिन शब्दों के अर्थ एक समान होते हैं उन्हें **पर्यायवाची या समानार्थी** शब्द कहते हैं |

- हम " **बादल**" शब्द के लिए **मेघ ,जलद ,घन** आदि शब्दों का प्रयोग भी करते हैं |यह सभी शब्द **पर्यायवाची** हैं |

आइए , कुछ उदाहरण देखें :-

अमृत -==सुधा ,सोम ,पीयूष

नदी ===सरिता ,सलिला , तटिनी

पानी == जल , नीर , वारि

पृथ्वी ==भू , भूमि , वसुधा

समुद्र ==सागर ,जलधि ,रत्नाकर

आकाश == नभ , गगन ,अंबर

हवा ==वायु ,पवन , समीर

रात ==रात्रि , निशा , रजनी

सुंदर ==चारु , मनोहर , भव्य

चतुर == दक्ष , निपुण , कुशल

प्रश्न १) निम्नलिखित वाक्यों में गलत पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हो गया है | सही शब्द का प्रयोग कर वाक्य दुबारा लिखिए :-

क) ' अमृत ' को 'सुर ' भी कहते हैं |

____

ख) ' आकाश ' का एक पर्यायवाची ' रत्नाकर ' भी है |

____

ग) 'जलधि ' को ' बादल ' भी कहते हैं |

____

घ) ' नदी ' का एक पर्यायवाची ' सुधा ' भी है |

____

(नोट :- सारा कार्य उत्तरपुस्तिका में करें |)

BBPSPP